रविवार

14 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक





पुलिस पर गोली चलाने वाले अपराधियों को दिया जाएगा माकूल जवाब : डीआईजी 2


**विधानसभा चुनाव : 224 सीटों में से कांग्रेस ने 136 पर दर्ज की जीत, भाजपा को 65 और जेडीएस को 19 सीटें मिलीं**

# कर्नाटक में मोदी मैजिक फेल, कांग्रेस पास

- पीएम नरेंद्र मोदी के राज्य में कुल 25 चुनावी कार्यक्रम किए
- सभी में लोगों की प्रचंड भीड़ उमड़ी लेकिन यह वोट में तब्दील नहीं हो सकी

**एजेंसी/बेंगलुरु**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस किंग बनकर उभरी है। 224 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस ने 136 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। इस चुनाव में मोदी मैजिक पूरी तरह फेल रहा। पीएम मोदी की धुआंधार जनसभाओं के बावजूद भाजपा को वहां की जनता ने सिरे से नकार दिया। पीएम मोदी के राज्य में कुल 25 चुनावी कार्यक्रम किए। इसमें रैली, जनसभा और रोड शो शामिल था। मोदी ने अपने चुनावी कार्यक्रम में 19 जिले कवर किए जिनमें 164 विधानसभा सीटें पड़ती हैं। जनसभा, रैली में लोगों की भीड़ तो उमड़ी लेकिन यह वोट में तब्दिल नहीं हो सकी। इसी का नतीजा रहा कि भाजपा यहां कोई कमाल नहीं कर सकी और महज 65 सीटों पर सिमटकर रह गई।

वहीं मतदान के बाद आए एक्जिट पोल देवेगोड़ा की पार्टी जेडीएस को किंगमेकर बता रहे थे। हालांकि नतीजे इसके बिल्कुल विपरित रहे। इस चुनाव में जेडीएस को महज 19 सीटों पर जीत मिली है। 10 मई को सूबे की 224 विधानसभा सीटों पर 72.82 फीसदी लोगों ने वोट डाले थे। इस बार चुनाव में कुल 2,615 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। इधर नतीजों के बाद बीजेपी ने हार स्वीकार कर ली है। पूर्व सीएम बोम्मई ने कहा कि हम मंजिल तक नहीं पहुंच पाए। बीएस येदियुरप्पा ने हार स्वीकार करते हुए कहा कि हार-जीत भाजपा के लिए बड़ी बात नहीं है। 2 सीट से शुरुआत कर भाजपा आज सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। कार्यकताओं को दुखी होने की जरूरत नहीं है। हम अपनी हार पर पुनर्विचार करेंगे। हम जनता के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें वोट करने के लिए हम जनता का धन्यवाद करते हैं। वहीं कांग्रेस के सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि हम चुनाव जीते हैं तो बजरंग दल बैन होगा। उन्होंने कहा कि ये असर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का है। कर्नाटक की जनता ने नफरत की राजनीति को नकार दिया है। बजरंग बली का आशीर्वाद हमें मिला है। सारे सूफी संतों का आशीर्वाद हमें मिला है। इस बार के चुनाव में 73.19 फीसदी मतदान हुआ था, जो 2018 के चुनाव के मुकाबले 1% ज्यादा है।



कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद खुशी मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।





चुनाव में मिली जीत के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्मानित करते पार्टी नेता।

## काम न आया हिंदुत्व कार्ड

देश की राजनीति में करीब एक दशक से 'हिंदुत्व' कार्ड की जबरदस्त आंधी चली है। राजनीति में क्षेत्रीय विषमता और अस्मिता, दोनों को समेटने के लिए भाजपा ने 'हिंदुत्व' का कार्ड खेला। काफी हद तक उसे कामयाबी भी मिल गई। कुछ समय पहले तक यही माना जा रहा था कि भाजपा के सफल होने का एक बड़ा कारण दिशाहीन 'कांग्रेस' पार्टी भी है। जहां भी चुनाव होता, वहीं इस दल के कई गुट नजर आने लगते। वोटरों को लगने लगा था कि कांग्रेस पार्टी किसी भी वर्ग के लिए उपयोगी साबित नहीं हो रही। विपक्ष को भी साथ नहीं ले पा रही। इन सबके चलते भाजपा ने तो यह मान लिया था कि 'कांग्रेस मुक्त भारत' मिशन खत्म हो चुका है, अब राज्यों के मजबूत क्षेत्रीय दलों की बारी है। यह सवाल भी उठने लगा कि विपक्षी दलों का नवीनीकरण हो पाएगा या वे इतिहास बन कर जाएंगे। कर्नाटक की जीत ने कम से कम विपक्षी दलों, खासतौर पर कांग्रेस के नवीनीकरण की राह प्रशस्त की है। हालांकि अभी ये शुरूआत भर है।

## मोहब्बत की दुकान चुनने के लिए जनता का शुक्रिया : राहुल



**राहुल गांधी :** कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई और धन्यवाद देता हूं। चुनाव में गरीब जनता की शक्ति जीती है। मोहब्बत की दुकान चुनने के लिए कर्नाटक की जनता का शुक्रिया। जनता से 5 वादे किए थे, उन्हें पूरा करेंगे।



**नरेंद्र मोदी :** पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'मैं कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत के लिए बधाई देता हूं। मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने चुनाव में बीजेपी का समर्थन किया। मैं बीजेपी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को सलाम करता हूं।



**अमित शाह :** गृहमंत्री ने कहा, भाजपा को इतने वर्षों तक उनकी सेवा करने का अवसर देने के लिए मैं कर्नाटक के लोगों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। पीएम नरेंद्र मोदी जी कर्नाटक के लोगों के कल्याण के लिए प्रयास जारी रखेंगे।



**ममता बनर्जी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अहंकार, दुर्व्यवहार, एजेंसी पॉलिटिक्स के खिलाफ लोगों ने वोट टू नो बीजेपी आह्वान किया। अब छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव हैं यहां भी भाजपा को शिकस्त मिलेगी।



**फारूक अब्दुल्ला :** श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर एनसी के नेता ने कहा कि कर्नाटक की आवाम को मुबारकबाद देता हूं। उन्होंने नफरत की सियासत को ठुकरा दिया और मोहब्बत की सियासत को अपनाया है।



**तेजस्वी यादव :** उप मुख्यमंत्री ने कहा, कर्नाटक की जनता ने जिस सरकार को चुना वह देश के हालात को देखते हुए चुना। हमने तो कल ही कह दिया था कि बजरंग बली भाजपा से नाराज हैं। दक्षिण भारत में भाजपा खत्म हो गई है।

# उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में भाजपा को मिली बंपर जीत



**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में बीजेपी को बंपर जीत मिली है, पहली बार यूपी के सभी नगर निगम पर बीजेपी की जीत हुई है। झांसी में बिहारी लाल आर्य, अयोध्या में गिरीश पति त्रिपाठी, गाजियाबाद में सुनीता दयाल, बरेली में उमेश गौतम, गोरखपुर में मंगलेश श्रीवास्तव, सहारनपुर में अजय सिंह, मथुरा-वृंदावन में विनोद अग्रवाल, मुरादाबाद में विनोद अग्रवाल, मेयर चुनाव जीते हैं। अलीगढ़ में भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रशांत सिंघल ने 60209 वोटों से समाजवादी पार्टी के जमीरउल्लाह को हराया। शाहजहांपुर में पहले नगर निगम चुनाव में भाजपा की अर्चना वर्मा ने कांग्रेस की निकहत इकबाल को 30256 वोटों से हराकर जीत हासिल की। नगर निगम चुनाव में बीजेपी के खाते में 17 की 17 सीट आयी है। वहीं बसपा और समाजवादी पार्टी का खाता भी नहीं खुला है। नगर पालिका में 199 सीटों में से 95 सीटें बीजेपी व उसके सहयोगियों के दलों के खाते में गई हैं। सपा ने 40, कांग्रेस ने 4, बसपा ने 15 और अन्यों ने 45 सीटों पर जीत दर्ज की है. वहीं नगर पंचायत सीटों की बात करें तो बीजेपी ने 196, सपा ने 88, कांग्रेस ने 13, बसपा ने 40 और अन्य ने 207 सीटों पर जीत दर्ज की है।

### जनता ने सुशासन को दिया वोट : योगी

सीएम योगी ने इस जीत पर कहा कि 17 नगर निगमों में पहली बार भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ विजय प्राप्त करने में सफल हुई है। उत्तर प्रदेश में सुशासन, विकास व सुरक्षा के वातावरण के चलते नगर निकाय चुनाव में जनादेश मिला है। वहीं चुनाव में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन पर गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने जनता का भी आभार व्यक्त किया है। यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश नगर निगम/नगर पालिका एवं नगर पंचायत के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। यह अद्भुत एवं ऐतिहासिक विजय पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार की विकासवादी नीतियों के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

# छात्रा की मौत से गुस्साई भीड़ ने पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा के चंडी थाना इलाके में छात्रा की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद गुस्साए लोगों ने हिलसा-थरथरी मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर हिलसा एवं चंडी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने बुझाने का प्रयास करने में जुट गई। लेकिन ग्रामीण इतने उग्र हो गए कि पथराव के साथ साथ लाठी-डंडे लेकर पुलिस पर ही ग्रामीण हमला करने लगे। चंडी थाना पुलिस को ग्रामीणों ने सड़क से लेकर खेत तक दौड़ा दौड़ा कर पिटाई कर दी। जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और पुलिस के जवान जान बचाकर भाग निकले। बताते चलें कि 3 दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में एक छात्रा जख्मी हो गई थी जिसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में लाया गया मगर बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेज दिया गया था, इलाज के क्रम बीती रात मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने अपना गुस्सा पुलिस टीम पर उतार दिया।

घटना की जानकारी मिलते डीएसपी हिलसा और भारी संख्या में पुलिस बल को पुलिस लाइन से भेजा गया है। फिलहाल घटनास्थल पर स्थिति तनावपूर्ण है।

# कार्यक्रम के दौरान आपस में भिड़ गए जदयू कार्यकर्ता, नाराज ललन सिंह मंच से उतरे

**केटी न्यूज/दरभंगा**

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह शनिवार को दरभंगा पहुंचे हुए थे। ललन सिंह के साथ मंत्री संजय झा भी मौजूद थे लेकिन मंच पर पहुंचते ही कार्यकताओं की हरकत से ललन सिंह नाराज हो गए। ललन सिंह इतने नाराज हो गए कि संजय झा के साथ मंच से उतर कर नीचे आकर बैठ गए। हंगामा बढ़ता गया। नाराज कार्यकताओं से संजय झा ठीक से कार्यक्रम होने देने की अपील करते रहे लेकिन कार्यकर्ता हंगामा करते रहे। जानकारी के अनुसार दरभंगा के लहेरियासराय स्थित पोलो मैदान में



पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान फातमी गुट के लोगों ने जबरदस्त नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद कार्यक्रम में हंगामा हो गया। दरअसल ये सारा मामला लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर है। सूत्रों के अनुसार जेडीयू यहां से संजय झा को लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार के तौर पर उतार सकती है और इसकी तैयारी अभी से की जा रही है।

इससे पहले भी एक कार्यक्रम के दौरान जदयू के नेताओं के बीच टकराव की स्थिति देखी गई थी। दरभंगा में ही पांच दिन पहले हुए कार्यक्रम में आरजेडी छोड़ कर जेडीयू में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी भड़क गये थे। दरअसल जेडीयू के कुछ कार्यकताओं ने संजय झा के समर्थन ने नारे लगाए थे। इस पर अली अशरफ फातमी ने कहा था कि ये क्या बात हुई? पार्टी द्वारा कैंडिडेट का नाम तय करने से पहले ही इस तरह के नारे कैसे लगाये जा सकते हैं।

**पटना पहुंचे बागेश्वर धाम वाले बाबा, नौबतपुर स्थित तरेत पाली मठ में किया हनुमंत कथा वाचन**

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री बोले... मैं संत और कथाकार हूं, राजनेता नहीं

**केटी न्यूज/पटना**

बाबा बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री शनिवार को इंडिगो की फ्लाइट से पटना पहुंचे। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही समर्थकों की भीड़ उमड पड़ी। जय श्री राम के नारों से बाबा का स्वागत किया। यहां से वह सीधे पनाश पहुंचे। यहां वह अपने समर्थकों से मिले। इसके बाद कमरे में चले गए। मीडिया से बाचतीत करने हुए बाबा ने कहा कि बिहार हमारा है हो...सब ठीक बानी रउआ...मैं संत और कथाकार हूं राजनेता नहीं। इधर, बाबा बागेश्वर के साथ भाजपा नेता मनोज तिवारी भी पहुंचे। मनोज तिवारी ने उनकी गाड़ी चलाकर एयरपोर्ट से होटल पनाश पहुंचे। उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री का विरोध करने वाले मंत्री तेज प्रताप यादव को हनुमंत कथा में आने की सलाह दी। उनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और भाजपा सांसद रामकृपा यादव भी थे। भाजपा सांसदों ने गुलाब फूल देकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत किया। इस दौरान भक्तों ने कहा कि आज सारे विरोधियों को मुंह तोड़ जवाब मिलेगा। भक्तों ने कहा कि बाबा का दर्शन कर मन शांत हो गया।





पटना के नौबतपुर स्थित तरेत पाली मठ में बाबा बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री हनुमंत कथा वाचन किया। कहा- यह मां जानकी की धरती है। शून्य का आविष्कार भी यहीं हुआ। बाबा ने आगे कहा कि जब हनुमान जी लंका में मां सीता से मिलने जा रहे थे, तो कई तरह के व्यवधान उनके रास्ते में आने लगी। सुरसा सहित कई व्यवधानों को पार कर वह लंका पहुंचते हैं। गाना गाते हुए कहा कि जीवन तो भैया एक रेल है, कभी पैसेंजर कभी मेल है। सुख-दुख की पटरी दौड़ लगाती है, मंजिल तक यह हमको पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि मंजिल क्या है। परमात्मा के द्वार तक पहुंचना मंजिल है।




# सूचना: 28 मई से शुरू होगा जिले में पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में 28 मई को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए जिला मुख्यालय स्थित सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा फैसिलिटेटर का उन्मुखीकरण किया गया। जिसमें आशा कार्यकताओं को बताया गया कि सरकार के निदेर्शानुसार 28 मई से 1 जून से उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में अनु राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस चलाया जाना है। जिसमें बक्सर भी शामिल है। जिसके तहत 28 मई को पोलियो बूथों पर और उसके बाद को घर-घर जाकर खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान किसी भी परिस्थिति में किसी भी क्षेत्र के बच्चे पोलियो की खुराक लेने से वंचित नहीं रहे, इसकी विशेष निगरानी दल गठित

❑ 28 मई को पोलियो बूथों पर और उसके बाद घर-घर जाकर खुराक पिलाई जाएगी

कर शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही सूक्ष्म कार्ययोजना में भी इन छूटे हुए क्षेत्रों को सम्मिलित किया जायेगा। इस क्रम में सदर बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड के चिह्नित हाई रिस्क एरिया, ईंट भट्ठो, निमार्णाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर पोलियो टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। पोलियो बूथ पर अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को दवा पिलाई जानी चाहिए। इस दौरान डॉ. आशुतोष पांडेय, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर अशोक कुमार व व यूनिसेफ के प्रतिनिधि आलोक कुमार भी मौजूद रहे।



**अनुश्रवण के लिए प्रखंड स्तर पर टीम गठित जाएगी :** बीसीएम प्रिस कुमार सिंह ने बताया, अभियान के तहत शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को डोर टू डोर जाकर पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी। इसके अलावा बस पड़ाव, चौक चौराहों व बाजारों आदि जगहों पर प्रशिक्षित टीका कर्मियों द्वारा वहां से गुजरने वाले सभी लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी। अभियान के अनुश्रवण के लिए प्रखंड स्तर पर टीम गठित जाएगी। हाउस टू हाउस टीम, मोबाइल टीम, चौक चौराहों के लिए टीम का गठन किया जाएगा। टीम के सभी सदस्य अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम की सफलता में भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि टीका कर्मियों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करने के लिए निर्देशित किया गया है। कार्यरत टीका कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों का शत प्रतिशत प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाना है। साथ ही, ट्रांजिट स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक चौराहों आदि पर प्रशिक्षित टीका कर्मियों को नियुक्त कर लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक देना जरूरी है।

**किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए :** यूनिसेफ के प्रतिनिधि आलोक कुमार ने कहा कि नौनिहालों की जिंदगी सुरक्षित व स्वस्थ बनाने की जितना सरकार तत्पर है उतना ही जागरूक माता-पिता को भी होना चाहिए। कोई भी बच्चा अपंगता का शिकार न हो, इसे ले समय-समय पर अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग पोलियो की दवा उनके घर तक पिलाने का कार्य कर रहा है। अभियान को सफल बनाने में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। शहरी मलिन बस्ती, अल्पसेवित समुदाय, ईंट भट्ठा, घुमंतु बंजारा इत्यादि को विशेष रूप से अभियान का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के पूर्व सभी आशा कर्मी अपने अपने संबंधित वार्डों में सर्वे कर शून्य से पांच साल तक के बच्चों की लाइन लिस्टिंग कर लेंगी। अभियान के दौरान प्रतिदिन शाम को समीक्षा की जाएगी।

## बीते दिन हुई मुठभेड़ में जख्मी जवान का हाल जानने आरा पहुंचे शाहाबाद रेंज के डीआईजी

# पुलिस पर गोली चलाने वाले अपराधियों को दिया जाएगा माकूल जवाब : डीआईजी

**केटी न्यूज/आरा**

शाहाबाद डीआईजी नवीन चंद्र झा आरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपराधियों के साथ मुठभेड़ में घायल जवान अर्जुन कुमार से मुलाकात की और उसका हालचाल जाना। डीआईजी ने परिजनों को कहा कि वो किसी बात की कोई चिंता न करें। पूरा पुलिस महकमा उनके साथ खड़ा है। साथ ही, उन्होंने अपराधियों को सख्त चेतावनी भी दी। कहा कि पुलिस पर गोली चलाने वाले अपराधी अब बख्शे नहीं जायेंगे। पुलिस उनको माकूल जवाब देगी। उन्होंने एसपी सहित अन्य अफसरों से पूरी घटना और अबतक की गयी कार्रवाई की जानकारी ली। फरार लुटेरों को जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश भी दिया।

डीआईजी नवीन चंद्र झा ने कहा कि गुरुवार को पेट्रोल पंप मालिक से रुपए लूटकर भाग रहे अपराधियों और पुलिस के बीच टाउन थाना क्षेत्र के बिंदटोली इलाके में मुठभेड़ हुई थी। उसमें गोली लगने से उनका सिपाही अर्जुन कुमार घायल हो गए। वहीं पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी को भी गोली लगी है। वह जख्मी जवान का हाल जानने आरा आये थे। उन्होंने कहा कि जवान की





■ मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मियों को गैलेन्ट्री अवार्ड देने के लिए भेजेंगे प्रस्ताव, भोजपुर एसपी ने भी किया सम्मानित

स्थिति ठीक है। चिकित्सक से बात हुई है। वह खतरे से बाहर है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा उसके स्वास्थ्य को लेकर डाक्टरों से बात कर निगरानी रखी जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी पुलिस पर गोली चलाएगा, तो निश्चित रूप से पुलिस उसका माकूल जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस कर्मियों ने बहादुरी का काम किया है। खासकर जख्मी सिपाही अर्जुन कुमार ने काफी वीरता दिखाई है। मुठभेड़ में शामिल पुलिस अफसर और जवानों को गैलेन्ट्री के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस अवसर पर एसपी प्रमोद कुमार और एएसपी चंद्र प्रकाश समेत अन्य अफसर मौजूद थे।

**पूछताछ के बाद जेल भेजा गया लाइनर :** पेट्रोल पंप मालिक से लूट और पुलिस से मुठभेड़ में शामिल अन्य दो अपराधियों की पहचान और धरपकड़ तेज हो गयी है। शहर और जिले के बाहर भी छापेमारी की जा रही है। पुलिस दोनों के दूसरे राज्यों की ओर भी भागने की आशंका को देखते हुए पीछे लगी है। उसे लेकर एएससी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम लगातार छापेमारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार दोनों की पहचान कर ली गयी है और पुलिस दोनों के करीब भी पहुंच गयी है। इधर, पुलिस अपराधियों को भगाने और संरक्षण देने वालों की भी पहचान कर रही है। उधर, पूछताछ के बाद लूट में लाइनर का काम करने वाले पेट्रोल पंप मालिक के चालक को रंभू चोधरी को जेल भेज दिया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक लुटेरे ताज अली को गोली लगी थी। पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस की पूछताछ उसने बताया कि पेट्रोल पंप मालिक की गाड़ी का चालक रौजा मोहल्ला का रहने वाला रंभू चौधरी द्वारा ही लाइनर का काम किया जा रहा था। व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए चालक पेट्रोल पंप मालिक का लोकेशन उसको शेयर कर रहा था। उसके बाद चालक रंभू चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

**एसपी ने किया सम्मानित पुलिस कर्मियों को सम्मानित :** रविवार को एसपी प्रमोद कुमार ने मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें इलाजरत जवान अर्जुन कुमार भी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस की इस कार्रवाई के बाद जिले में क्राइम ग्राफ गिरने में सहायता मिलेगी। इससे अपराधी खौफजदा हो जाएंगे।

## मुठभेड़ में पुलिस को इंसास व एके-47 से दागनी पड़ीं गोलियां

**आरा।** अपराधियों से मुठभेड़ के दौरान पुलिस को इंसास और एके 47 से गोलियां दागनी पड़ी थी। पुलिस की ओर से एके 47 से छह, इंसास से तीन और पिस्टल से सात राउंड फायरिंग की गयी। लुटेरों को काबू में करने के लिए सिपाही से थानाध्यक्ष तक को गोली चलानी पड़ी थी। उधर, लुटेरे की ओर से भी 7.65 प्वाइंट पिस्टल से गोलियां चलायी जा रही थी। आत्मसमर्पण करने के लिए बार-बार कहने के बाद भी अपराधी गोलियां चला रहा था। उसमे सिपाही अर्जुन कुमार को गोली लग गयी। उसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी। पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में इस बात का जिक्र किया गया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार की ओर से दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि अपराधी भागते हुए बिंद टोली सैफन के समीप चला गया था। वहां पुलिस ने उसे घेर लिया था, लेकिन वह झाड़ी में छुप कर पुलिस टीम पर लगातार फायरिंग कर रहा था। तब उनके द्वारा तीन बार आत्मसमर्पण के लिए कहा गया, लेकिन वह फायरिंग करता रहा। तभी उनके बगल में खड़े सिपाही अर्जुन कुमार को गोली लग गयी। उसके बाद उन्होंने अपने सर्विस पिस्टल से फायरिंग करने चाहा, लेकिन पिस्टल फंस गया। तब उन्होंने सिपाही पियुष कुमार के इंसास से तीन राउंड फायरिंग की और फिर से आत्मसमर्पण के लिए बोला। उसके बाद एके-47 से गोलियां दागी गई थी।

## पंखे की कुंडी से लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के तरारी थाना क्षेत्र के इटिम्हा गांव में शनिवार की सुबह एक विवाहिता का शव पंखे के कुंडी से लटका मिला। मृतका इटिम्हां गांव निवासी गुलाबचंद पासवान की पत्नी पुष्पा देवी बताई जा रही है। एक ओर मायके वाले दहेज के लिए उसकी हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं ससुराल पक्ष खुदकुशी बता रहे हैं। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद पुलिस ने उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, विवाहिता के चचेरे भाई सोनू की ओर से पुष्पा देवी के पति सहित अन्य ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

रोहतास जिला के राजपुर थाना क्षेत्र के कपसिया गांव निवासी सोनू ने बताया कि उसकी बहन की शादी पिछले साल 22 जुलाई को अमावस राम के बेटे गुलाब चंद पासवान से हुई थी। शादी के छह

♦ मृतका के पति को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ



माह बाद से ही पति व अन्य ससुराल वालों ने दहेज के रूप में 50 हजार रुपए की मांग की जाने लगी। उसको लेकर उसे प्रताड़ित भी किया जा रहा था। तब कुछ दिन पूर्व समझौता ही हुआ था। दो दिन पूर्व उससे फोन पर बात हुई थी। उस समय वह काफी डरी हुई लग रही थी। वहीं, शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि उसकी मौत की सूचना मिली। आननफानन में वो बेटी के ससुराल पहुंचे। जहां उन्होंने पलंग पर मृत अवस्था में पड़ा पाया। उसके सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को हिरासत में ले लिया। दूसरी ओर, पुष्पा देवी के चचेरे जेठ सिंधु पासवान ने बताया कि शनिवार की सुबह वह भैंस चराने गये थे। तभी सूचना मिली कि पुष्पा ने पंखे के कुंडली से लटक कर फांसी लगा ली है। तब वह घर पर पहुंचे और उसके शव को नीचे उतारा। उन्होंने बताया कि उसके ससुराल वाले उसे बहुत मानते थे। दोनों पति-पत्नी के बीच कोई विवाद था। उसको लेकर उसने फांसी लगा ली है। वहीं, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में महिला की मौत गले में फांसी लगने के कारण होने की आशंका जताई गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## डायन बताकर बुजुर्ग महिला को कुल्हाड़ी से मार किया जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

गड़हनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में शनिवार की दोपहर डायन का आरोप लगाकर एक बुजुर्ग महिला पर कुल्हाड़ीसे हमला कर दिया गया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी महिला सुल्तानपुर गांव निवासी स्व.राम नरेश साह की 74 वर्षीया पत्नी मनरखनी कुंवर है। उनके बेटे अवधेश साह ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है।

उसकी मां छोटे बेटे के साथ अलग रहती है। वह गांव में ही किराना दुकान चलाती है। पांच साल पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा उसकी मां पर डायन होने का आरोप लगाया गया था। जबकि उसी लड़के की मां का डायन के नाम से पूरे गांव में शोर है। तब उसका उस लड़के झगड़ा भी हुआ था। हालांकि बात खत्म हो गई थी। शनिवार की दोपहर उसकी मां अपनी किराने की दुकान पर बैठी थी। तभी वह युवक आया और उसकी मां पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## बढ़ते तापमान से जनजीवन बेहाल, लोगों के लिए हीट वेव हो सकता है घातक

# बरतें सावधानी: गर्म हवाओं से लगातार बढ़ रहा हीट स्ट्रोक का खतरा

**केटी न्यूज/सासाराम**

सूबे के कई जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। कई जिलों में तापमान 40 के पार पहुँच चुका है। गर्म हवा और लू से लोगों का हाल बेहाल है। सुबह 10 बजते ही लू का प्रकोप शुरू हो जा रहा। ऐसे में जन जीवन काफी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही लोगों के लिए घातक साबित हो सकती है। भीषण लू और गर्म हवा से बड़े ही नही छोटे बच्चे भी प्रभावित हैं। लू लगना, हीट स्ट्रोक ऐसी स्थिति है जिसका इलाज तुरंत न कराया जाए तो व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। ऐसे में जिला स्वास्थ्य समिती लोगों को लू, हीट स्ट्रोक से बचने के लिए लगातार सावधानियां बरतने की अपील कर रही है। लू, हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए तेज धूप, गर्म हवा से बचने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा शरीर मे पानी की कमी न हो इसके लिए भरपूर मात्रा में पानी पीने की सलाह दी जा रही है। डिहाइड्रेशन से लू लगने, हीट स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में इस मौसम में तरल पदार्थ का सेवन, शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जा रही है।

**सावधानियां बरत हीट वेव से करें बचाव :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी और तेज धूप में ज्यादा देर तक घर से बाहर रहने पर लू लगने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। यदि लू, हीट स्ट्रोक का इलाज समय से न किया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ सावधानियां बरसते हुए घर से बाहर निकले तो लू, हीट स्ट्रोक से काफी हद तक बचा जा



सकता हैतेज धूप और लू में खुद को हाइड्रेटेड रखे, शरीर मे पानी की कमी ना होने दे, जरूरत हो तभी घर से बाहर जाएं। इस दौरान शरीर को अच्छे से कवर करें। इसके लिए छाता, फूल बाजू की शर्ट, सिर पर गमछा जरूर रखे। टाइट कपड़ा न पहनें, बेहतर हो ढीले ढाले सूती के कपड़े पहने। साथ ही उन्होंने यह भी सलाह दिया कि ज्यादा मसालेदार वाली वस्तुएँ ना खाएं। खासकर बाहर ठेले का फास्ट फूड का इस्तेमाल न करें। जहाँ तक हो सके घर के बने ताजा भोजन ही खाएं। एसी या कूलर में ज्यादा देर से बैठे हों तो अचानक उठ कर बाहर धूप में न जाए ऐसे में लू, हीट स्ट्रोक का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है और यह जानलेवा भी हो सकता है।

**हीट वेव में बच्चों का रखे विशेष ख्याल :** एसीएमओ सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार ने कहा कि हीट वेव बच्चों को ज्यादा प्रभावित करता है। स्कूल, कोचिंग और खेल कूद करते समय हीट स्ट्रोक से प्रभावित होने का खतरा ज्यादा बना रहता है। उन्होंने बताया कि हीट वेव के कारण छोटे बच्चों में हीट स्ट्रोक, हीट स्ट्रेस, एलर्जी, डायरिया सहित अन्य समस्या आ सकती है। ऐसे में बच्चो को धूप, से बचाना जरूरी है। बच्चों को हाइड्रेटेड रखे, समय समय पर पानी देते रहें। हल्का सूती का ढीला कपड़ा पहनाएं।

**सरकारी अस्पतालों में विशेष व्यवस्था :** सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने बताया कि हीट वेव को देखते हुए जिला स्वास्थ्य समिति लगातार सावधानी बरतें हुए है। सभी सरकारी अस्पताल को पहले ही अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। सिविल सर्जन ने बताया कि हीट वेव से निपटने के लिए जिला सदर अस्पताल में इमेरजेंसी वार्ड भी बनाया गया है। साथ ही हीट स्ट्रोक के दौरान मरीज को दी जाने वाली आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की भी उपलब्धता रखी गई है। सिविल सर्जन से लोगों से अपील किया कि आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें।

## एक नजर

## संदेहास्पद: ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास, नहीं मिला कैश तो चोरों ने लगाई आग

**सासाराम।** रोहतास जिले के शिवसागर प्रखंड मुख्यालय में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा को चोरों ने शुक्रवार की रात आग के हवाले कर दिया। चोरों ने बैंक में चोरी का प्रयास किया था, लेकिन कैश नहीं मिलने के कारण वो नाराज हो गए और बैंक में आग लगा दी। सुबह जब लोगों ने बैंक से धुंआ उठता देखा तो उन्होंने तत्काल पुलिस को फोन किया। मौके पर शिवसागर थानाध्यक्ष राकेश गोसाई जवानों के पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर बैंक के मैनेजर मणिकांत श्रीवास्तव को फोन पर मामले की जानकारी दी। जिसके बाद बैंक मैनेजर भी पहुंचे और अंदर जाकर मुआयना किया। उन्होंने पाया कि फर्नीचर, कंप्यूटर, अन्य मशीन, कागजात जल गए। वहीं, बैंक के मेन गेट का ग्रिल टेढ़ा था। जिसे देख उन्होंने बैंक में चोरी की संभावना जताई। जिसके बाद उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में कैंश की पड़ताल की। जहां कैश सुरक्षित पाया गया। बैंक मैनेजर ने पुलिस को बताया कि चोर ग्रिल टेढ़ा कर शाखा में घुसे होंगे। जिसके बाद उन्होंने लॉकर को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। काफी कोशिश के बाद जब नहीं खुला तो नाराजगी में बैंक में आग लगा दी और बैंक में लगे सीसीटीवी का डीवीआर ले गए। दूसरी ओर, शिवसागर थानाध्यक्ष ने बताया बैंक के लोन कॉर्नर में ही आग लगी है। बैंक में आग कैसे लगी इसकी जांच चल रही है। बैंक मैनेजर ने अब तक कोई आवेदन नहीं दिया है। चोरी का प्रयास करने की बात स्पष्ट नहीं है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



## कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर कार्यकताओं ने पटाखे छोड़े और बांटी मिठाईयां

**जहानाबाद।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी जीत पर जिला कांग्रेस कमिटी ने अरवल मोड़ पर पटाखे छोड़ और मिठाईयां बांटकर खुशी मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी ने किया। अरवल मोड़ पर उपस्थित नेताओं ने कर्नाटक की जीत को लोकतंत्र की जीत बताते हुए कहा कि कर्नाटक में साम्प्रदायिकता की हार हुई नफरत की हार हुई और कर्नाटक के आम जनता के स्थानीय मुद्दों की जीत हुई। नेताओं ने कहा कि एक तरफ पूंजीपतियों और सरकार खड़ी थी। वहीं दूसरी तरफ कर्नाटक की गरीब जनता खड़ी थी। पूंजीपतियों पर गरीब जनता भारी पड़ी। कांग्रेस पार्टी राहुल और प्रियंका गांधी के नेतृत्व को स्वीकारा। वहीं झूठे वादे करने वाले की करारी हार दी। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा जो कर्नाटक में 21 दिनों तक चलकर कर्नाटक के लोगों में से नफरत को दूर किया और मोहब्बत की जो दुकान खोली गई थी, उसी का आज यह परिणाम है कि कर्नाटक की जनता ने देश में नफरत फैलाने वाले को संदेश दिया कि देश में नफरत की राजनीति नहीं चलेगी। हम सभी एक हैं आपसी भाईचारा बनी रहेगी और आनेवाले आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव में नफरत की राजनीति खत्म कर राहुल गांधी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनायेंगे। इस जीत के लिए नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सिद्धि रमैया, पी के शिवकुमार सहित कर्नाटक के सभी नेता कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वहां के आम नागरिक को बधाई दी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता प्रो भुषण कुमार सिंह, कन्हाई जी, रामजी प्रसाद, अशोक प्रियदर्शी, प्रो संजीव शर्मा, गौरीशंकर यादव, वशीमुल हक रुस्तम, आश मोहम्मद अंसारी, चन्द्रीका मण्डल, भोला शाह, हेमन्त कुमार, रामप्रवेश ठाकुर, मनोज कुमार, विकास कुमार, शशिकांत शर्मा, रामचन्द्र साव होनी, आबिद मजीद इराकी, रामपुकार यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।



## बिहार में गिरती हुई कानून व्यवस्था के खिलाफ मुख्यमंत्री का किया गया पुतला दहन

**जहानाबाद।** नगर मंडल की ओर से स्थानीय अरवल मोड़ पर रविवार को बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। जहानाबाद में बीते चार दिनों के अंदर दो दो हत्याकांड का अब तक न कोई सुराग लगा और न ही कोई अपराधी गिरफ्तार हुआ है। जो सरा सर जंगलराज प्रतीत होता है। नगर मंडल अध्यक्ष कुणाल गुप्ता ने बताया कि जहानाबाद की पुलिस दिनभर बालू और दारू में व्यस्त है। शहर के सारे सीसीटीवी कैमरा खराब हैं। सारे चौक चौराहा पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है। जिससे जहानाबाद नगर के आम नागरिक भयभीत है। आम जनमानस में डर का माहौल है। जिससे व्यापारी छात्र नौजवान घर कि महिलाएं भयभीत है। पूर्व जिलाध्यक्ष शशी रंजन जी ने कहा कि शहर में सभी चौक चौराहा पर सुरक्षा व्यवस्था टाइट किया जाए। सभी सीसीटीवी को तुरंत ठीक किया जाए। जहां-जहां चिन्हित किया गया है वहां वहां सीसीटीवी कैमरा तत्काल लगाया जाए। हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। इस पुतला दहन में पूर्व जिलाध्यक्ष पूनम सिन्हा जिला महामंत्री धीरज कुमार, अनिल ठाकुर, जिला मंत्री विजय कुमार सत्कार, ब्रजेश कुमार, संतोष चंद्रवंशी, जयप्रकाश केसरी, जिला उपाध्यक्ष सोहन प्रसाद ककु, निर्मल पासवान अंकित गुप्ता, सुजीत जसवाल फोनु पांडेय, रवि चंद्रवंशी, गणेश चौधरी, वीरेंद्र शर्मा, केसरी नंदन रिजु साहू, महेंद्र शर्मा, विनोद कुमार सिंह, रवि शेखर, शंकर प्रसाद काली, रवि केसरी, भरत चंद्रवंशी, दामोदर प्रसाद, अजय विश्वकर्मा, संजय पांडेय, शिबू चौधरी, जिला प्रवक्ता रविशंकर चौहान, आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## जिलाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

**जहानाबाद।** बिहार निर्वाचन विभाग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने रविवार को ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। बाह्य निरीक्षण के क्रम में वेयरहाउस परिसर की साफ-सफाई तथा सुरक्षा इत्यादि व्यवस्था पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। जिला पदाधिकारी ने वेयर हाउस प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वेयर हाउस की निगरानी में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उक्त निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी पूनम कुमारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी -सह- वेयर हाउस प्रभारी राहुल कुमार एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी भी उपस्थित थे।



## खबरें फटाफट

### लूटा गया मोबाइल फोन बरामद, एक गिरफ्तार

**नावानगर।** एक माह पूर्व नावानगर के केसठ भट्ठा पुल से लूटी गई मोबाइल को पुलिस ने सिद्धिपुर के एक युवक से बरामद कर लिया है। मोबाइल बरामद होने के साथ शनिवार को युवक विकास यादव को पुलिस ने पुछताछ के बाद जेल भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि बीते 3 अप्रैल को भट्ठा पुल से बाइक एवं मोबाइल लूट घटना हुई थी। लूट घटना के एक दिन बाद अर्थात 4 अप्रैल को पीलापुर के मौनी बाबा जंगल से पुलिस ने बाइक बरामद कर लिया था। जबकि मोबाइल की तलाश में पुलिस जुटी रही। घटना के 40वे दिन पुलिस उक्त मोबाइल को बरामद करने में सफल रही। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ में लूट को अंजाम देने में संलिप्त होने की बात स्वीकार किया है।

### 35 लीटर महुआ शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से 35 लीटर महुआ शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। शनिवार को गिरफ्तार तीनों तस्कर को जेल भेज दिया। वही एक बाइक भी पुलिस ने जब्त किया है। गिरफ्तार तस्करों में भोजपुर जिला के तार गांव निवासी गोलू सिंह, रामनगर हाता निवासी राहुल कुमार तथा लोकपुर गांव के मोहन यादव है। बताया जाता है कि पहला मामला सोनवर्षा काली मंदिर के पास की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक पर दो शराब तस्कर बैग में महुआ शराब लेकर सोनवर्षा होते हुए भोजपुर जिला के तार गांव की तरफ गुजरने वाले हैं। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने काली रोड पहुंच बाइक चेकिंग करने लगे। थोड़ी देर बाद एक बाइक पर सवार होकर दो युवक पहुंचे। पुलिस को देखकर दोनों बाइक के साथ भागने की कोशिश की। पर पुलिस के जवानों ने दोनों को पकड़ लिया। बैग की तलाशी में दो पॉलिथिन थैला में 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने गोलू एवं राहुल को पकड़कर उनकी बाइक जब्त कर ओपी ले आए।

# नामांकन के चौथे दिन उप मुख्य पार्षद के 3 व पार्षद के 34 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

## नगर निकाय चुनाव

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरे दिन नामजदगी का पर्चा भरते रहे प्रत्याशी
- चौथे दिन भी मुख्य पार्षद पद के लिए किसी प्रत्याशी ने दाखिल किया पर्चा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद चुनाव में इस बार प्रत्याशियों की रिकार्ड संख्या देखने को मिल सकती है। नामांकन के चौथे दिन इस बानगी देखने को भी मिली। शनिवार को उप मुख्य पार्षद के तीन तथा पार्षद के 34 समेत कुल 37 प्रत्याशियों ने नामजदगी का पर्चा भरा है। इसके ही अब पार्षद पद के प्रत्याशियों की संख्या 55 हो गई है। हालांकि चौथे दिन भी मुख्य पार्षद पद के प्रत्याशियों का खाता नहीं खुल सका है। जानकारों की मानें तो 16 व 17 मई को ही सबसे अधिक संख्या में प्रत्याशी नामांकन करेंगे।

जानकार के अनुसार शनिवार को नामांकन करने वाले उपमुख्य पार्षद पद के प्रत्याशियों में अब्दूल खालिक, मो फिरोज व धीरज कुमार तथा पार्षद पद के लिए वार्ड 1 से गुड्डु सिंह, सत्येन्द्र सिंह, वार्ड 2 से प्रमिला देवी, मीरा देवी, 4 से अनिरूद्ध कुमार, सत्यनारायण ठाकुर, वार्ड 5 से जितेन्द्र कुमार वार्ड 6 से कमालुद्दीन खां, 7 से उषा देवी, 9 से राधिका देवी, 11 से ओमप्रकाश कुमार, 12 से पवन गोंड, 13 से रूबी देवी, नेहा कुमारी, तारामुनी देवी, इसराइल खां, ओमप्रकाश, सुरेश राम, राजकुमार, 15 से निराशा देवी, अमृता कुमारी, 16 से अनिल राय, 19 से श्याम कुमार, 20 असलम अंसारी, 21 से नसीम अंसारी, 23 से निजामुद्दीन, 25 से अनिल कुमार, खुशीचंद सिंह, 27 से अनिता देवी 28 से रीमा देवी, 32 से संध्या देवी, 33 से अनुराधा कुमारी 34 से सुमन देवी तथा वार्ड 35 से रेणु देवी ने नामजदगी के पर्चा दाखिल किए है। इस दौरान अनुमंडल कार्यालय परिसर में सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किए गए थे। नामांकन के दौरान सिर्फ प्रत्याशियों व उनके समर्थक तथा प्रस्तावक को ही अंदर जाने दिया जा रहा था।

## एसडीएम व एसडीपीओ ने पढ़ाया आचार संहिता का पाठ



शनिवार को एसडीओ कुमार पंकज व एसडीपीओ अफाक अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रेस ब्रिफ कर प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों को आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया तथा इसका पालने करने को कहा। एसडीएम ने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। एसडीएम ने कहा कि नामांकन फार्म भरने के बाद प्रत्याशी जुलूश, चुनावी सभा तथा कार्यालय खोल सकते हैं। वही एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस चुनाव को लेकर अलर्ट पर है। उन्होंने प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों के साथ ही आम जनता से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## चुआड़ में ठगी का मामला: इलाज के बाद स्वस्थ हुए परिवार ने सुनाई आपबीती

# पांच लाख के आभूषण व 32 हजार नगद पर ठग ने किया है हाथ साफ

- दो साल से परिवार के संपर्क में था ठग, झांसे में लेने के लिए खेत की कटाई तक की

**केटी न्यूज/डुमरांव**



घटना के बारे में जानकारी देता ठगी का शिकार पीड़ित परिवार।



लाखों रुपए लेकर भागनेवाला ठग।

शुक्रवार को कोरानसराय थाना क्षेत्र के चुआड़ गांव में एक ठक द्वारा एक परिवार को झांसे में ले जलेबी तथा कोल्ड ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ पिला घरवालों को बेहोश कर पांच लाख रूपए मूल्य के आभूषण व 32 हजार रूपए नगद लेकर चंपत हो गया था। इस घटना के बाद गृहस्वामी सुरेन्द्र पांडेय समेत पूरा परिवार बेहोश हो गया था। स्थानीय गांव निवासी व पंचायत प्रतिनिधि धनबिहारी पासवान ने अपने वाहन से पीड़ित परिवार को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी स्वस्थ हो गए। शुक्रवार की देर रात ही सभी घर लौट आए थे। शनिवार को **केशव टाइम्स** की टीम पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।

**ठग से परिचय की कहानी पीड़ित की जुबानी:** ठगी के शिकार गृह स्वामी सुरेन्द्र पांडेय ने बताया कि वे तथा उनकी पत्नी धर्मशीला देवी दोनों दिव्यांग है। दो साल पहले वह अपनी बेटी खुशबू तिवारी के ससुराल मध्य प्रदेश के छतरपुर जा रहे थे। बक्सर स्टेशन पर उनकी मुलाकात उक्त ठग से हो गई। वह 42 वर्ष के आस पास का था। प्लेटफार्म पर मेरे पास बैठा था। इसी क्रम में बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। वह मुझे ट्रेन पर चढ़ाने में मदद का आश्वासन दे मेरे पास ही बैठा रहा। इसी दौरान वह मेरा मोबाईल नंबर भी ले लिया था। उसने अपना घर भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार के पास बनौली गांव बताया था। छतरपुर रहने के दौरान ही वह फोन कर मेरा हाल चाल जानने लगा। वहां से लौटने के बाद मेरे गांव भी आया। इसके बाद वह अक्सर गांव आता था। श्री पांडेय ने बताया कि पिछले महीने भी वह आया था तब मैं अपने खेत में तैयार हो चुके चना की फसल को काट रहा था। वह मेरे साथ चना कटवाने लगा। सुरेन्द्र की मानें तो वह अपने मधुर व्यवहार से पूरे परिवार से घुलमिल गया था तथा कई बार आने के कारण परिवार के लोगों का उसपर भरोसा भी बढ़ गया था। घटना के बाद से उसका नंबर 9162651744 बंद आ रहा है।

### अब घटना समझिए

सुरेन्द्र पांडेय की मानें तो इस बार वह गुरूवार को दोपहर उनके घर आया था। गांव में यज्ञ चल रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए उनकी शादी शुदा तीन बेटियां भी आई है। शुक्रवार को वह अटांव गांव में किसी से मिलने की बात कह निकला था और जब लौटकर आया तो अपने साथ जिलेबी, कोल्ड ड्रिंक्स तथा समोसा लाया। जिसे पूरे परिवार को खिला दिया। सुरेन्द्र ने बताया कि परिवार के अन्य सदस्य जिलेबी खाए थे। लेकिन मैं सिर्फ कोल्ड ड्रिंक्स ही पिया था। उनकी एक बेटी खुशबू तिवारी ही उसके द्वारा लाए गए सामान में से कुछ भी खाई पी नहीं थी। इधर कोल्ड ड्रिंक्स व जलेबी का सेवन करने के बाद एक एक कर सभ लोग बेहोश हो गए। खुशबू ने समझा कि सभी लोग सो रहे है। हालांकि पिता की हरकतों पर उसे कुछ शक हुआ। लेकिन ठग ने यह कहते हुए उसे चुप करा दिया कि ये नींद में बड़बड़ा रहे है। इसक बाद खुशबू को भी झपकी आ गई। इसी बीच वह घर में रखे आभूषण व नगदी पर हाथ साफ कर लिया। सुरेन्द्र की मानें तो घर में 32 हजार रूपए नगद था। इसके अलावे उनकी पत्नी के 2 लाख रूपए मूल्य के गहने तथा शादी शुदा बेटियों खुशबू तिवारी, रीमा ओझा और शम्मी मिश्रा के एक-एक लाख के गहने समेत कुल पांच लाख के गहने ले भागा है।

**बेहोश होने वाले परिवार के सदस्य:** जालसाज के झांसे में जलेबी खा व कोल्ड ड्रिंक्स पीकर बेहोश होने वालों में सुरेन्द्र पांडेय, उनकी पत्नी धर्मशीला देवी, बेटियां रीमा ओझा, शम्मी मिश्रा, दीक्षा कुमारी, अंतिमा कुमारी, बेटा अनुभव कुमार पांडेय व एक नाती आदर्श कुमार शामिल थे।

## विषाक्त भोजन खाने से परिवार के छह लोग बीमार, एक की मौत



- डुमरांव के द. टोला के अनुसूचित जाति बस्ती की घटना
- बासी चावल-दाल खाने से बिगड़ी तबीयत, सदर अस्पताल में चल रहा बीमारों का इलाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव में विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के छह लोग बीमार हो गए है। जिनमें इलाज के दौरान एक 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। जबकि अन्य सदस्यों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना डुमरांव के दक्षिण टोला मोहल्ले के अनुसूचित जाति बस्ती की है।

जानकारी के अनुसार दक्षिण टोला अनुसूचित जाति बस्ती के रामजी राम के परिवार के सदस्य शुक्रवार की रात्रि में सुबह का बना चावल दाल खा लिए थे। शनिवार को अहले सुबह सबकी तबीयत खराब होने लगी थी। उन्हें उल्टी व दस्त होने लगा था। आस पास के लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पहले अनुमंडलीय अस्पताल तथा वहा से रेफर होने के बाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान ही रामजी के 13 वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी की मौत हो गई। वही विषाक्त भोजन खा बीमार पड़ने वालों में 11 वर्षीय पंकज कुमार, मनोज राम का 8 वर्षीय पुत्र प्रितम, 4 वर्ष का प्रियांशु तथा 2 वर्ष का हिमांशु शामिल है। वही परिवार के अन्य सदस्य भी बीमार थे। लेकिन प्राथमिक इलाज के बाद ठीक हो गए। वही सदर अस्पताल में पहुंचे मीडिया के लोगों ने जब रामजी राम से घटना की जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम मेरे तथा मेरे भाई के बच्चों ने एक साथ दिन का बचा चावल दाला खाकर सोने गए थे। सुबह जब उनकी नींद खुली तो बच्चों ने जी मिचलाने की शिकायत की। उन्होंने समझा कोई मामूली बात होगी। लेकिन, थोड़ी ही देर में परिवार के सभी बच्चे उल्टी करने लगे। उनकी ऐसी हालत देख अनुमंडलीय अस्तपल डुमरांव पहुंचे। लेकिन, वहां के डॉक्टरों ने हमें सदर अस्पताल भेज दिया।

## सिमरी में जमीन विवाद में गरजी बंदूक, एफआईआर

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय हल्वा पट्टी गांव में शनिवार को दो पट्टीदारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने का आरोप भी लगाया है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार एक पक्ष के जगदीश पांडेय ने पुलिस को आवेदन दे बताया है कि वे जमीन में शौचालय के लिए गड्ढा खुदवा रहे थे इस दौरान उनके भाई राजनारायण पांडेय के पुत्र विनतेश पांडेय ने जान मारने की नियत से कट्टे से फायर करने लगा। पिता पुत्र ने मिलकर मेरी पिटाई की है तथा निर्माण सामग्री खरीदने के लिए रखे 20 हजार रूपए व सोने का सिकड़ी छिन लिया है।

वहीं दूसरे पक्ष के विनतेश पांडेय ने अपने चाचा रामनारायण पांडेय उर्फ छोटक पांडेय तथा उनके दोनों पुत्रों पर दरवाजे पर आकर रॉड तथा लाठी से पीटने, सोने का चेन व 2 हजार रूपए नगद छीनने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों का एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कहा कि दोनों पक्षों का आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाबालिग की शादी की सूचना पर पहुंची पुलिस, भागे आरोपी

**डुमरांव।** शनिवार को शहर के एक निजी होटल में एक नाबालिग जोड़े के शादी की सूचना पर पुलिस ने एक होटल में छापेमारी की। लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले ही कन्या पक्ष वाले फरार हो गए थे। पुलिस को शिकायत किसी और ने नहीं बल्कि खुद किशोर की मां ने ही की थी और आरोप लगाया कि लड़की पक्ष वाले जबरन उसके नाबालिग बेटे की शादी करा रहे हैं। शिकायतकर्ता पूनम देवी नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नवाडेरा की रहने वाली है। उसने चक्की भोला डेरा के घ्रुव यादव, उनकी पत्नी तथा संजय यादव आदि पर आरोप लगाया है।

## रंग लाया केंद्रीय मंत्री का प्रयास... संसदीय क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को बोर्ड की हरी झंडी

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के सांसद व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का प्रयास रंग लाया। रेलवे बोर्ड द्वारा बक्सर संसदीय क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कोरोना काल से लंबित कई ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति प्रदान कर दी है। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कुछ दिन पहले ही रेलवे बोर्ड के आला अधिकारियों के साथ बक्सर संसदीय क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव के लेकर दिल्ली में बैठक की थी। उन्होंने अधिकारियों को बताया था कि ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से बक्सर महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। यह उत्तरप्रदेश की तरफ से बिहार का पहला जिला है। यहा के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से बड़ी संख्या में यात्रियों का आना-जाना दूसरी जगह पर होता है। इसे ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव पर अधिकारियों के साथ जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए चर्चा हुई थी। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने बताया कि बोर्ड ने बक्सर स्टेशन पर 12395/96, पटना अजमेर जियारत व 12355/56, पटना जम्मू तवी एक्सप्रेस, रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर 13483/84/13/14- मालदा टाउन दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस, चौसा रेलवे स्टेशन पर 13483/84/13/14- मालदा टाउन दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस, दुर्गावती रेलवे स्टेशन पर 14223/24 राजगीर सोमनाथ बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस और सिकरिया हॉल्ट पर 03376 बक्सर पटना मेमू और 03294 डीडीयू पटना मेमू ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति दे दी है। इन ट्रेनों का ठहराव शीघ्र उक्त स्टेशनों पर शुरू हो जाएगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के तत्वावधान में बक्सर में लगा राष्ट्रीय लोक अदालत

# 6.63 करोड़ रुपयों की रिकवरी कर मामलों का कराया गया सुलह

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के तत्वावधान में शनिवार को वर्ष 2023 का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज अंजनी कुमार सिंह, डीएम अंशुल अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव धर्मेंद्र कुमार तिवारी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बबन ओझा, और उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। इस लोक आदालत का संयुक्त संचालन जिला जज अंजनी कुमार सिंह, सचिव धर्मेन्द्र कुमार तिवारी व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बबन ओझा ने किया। सुबह 10.30 बजे शुरू हुए इस लोक अदालत में समाचार लिखे जाने तक विभिन्न वादों के 1881 मामले का निपटारा कराया गया था। इस दौरान अपने संबोधन में जिला न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत सुलभ और एक ही दिन में मुकदमें के निपटारे का रास्ता है। इसमें ना कोई पक्ष जीतता है, ना ही कोई पक्ष हारता है बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है। कोई भी व्यक्ति अपने वाद का निपटारा सुलह समझौते के माध्यम से करा सकता है। उन्होंने लोक अदालत में आने वाले वाद के सभी पक्षकारों का स्वागत किया।

वहीं डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम के अंतर्गत देश के सभी जिला न्यायालय में सुलहनीय वादों के निष्पादन, लोगों को विधिक सेवा उपलब्ध करवाना एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार का गठन किया गया है। इसका मुख्य उदेश्य जिले के आम जनमानस को विधिक सेवा उपलब्ध करवाना, दो पक्षों के बीच मध्यस्थता करवाकर उनके बीच हुए मनमुटाव, आपसी बैर को खत्म कर समाज के लोगों के बीच आपसी सौहार्द बनाए रखना है। जानकारी के अनुसार लोक अदालत में बैंक के 743 व भारत संचार निगम लिमिटेड के 422, ग्राम कचहरी के 120, आपराधिक 266 वाद, चेक बाउंस के 05, मोटर वाहन अधिनियम के 01 जिसमें 4,80,72,157/- रुपए की रिकवरी की गई, विद्युत वाद के 271 मामले का निपटारा कराया गया। जिसमें 74,04,574 /- रुपए जिले के विभिन्न बैंकों ने 743 मामलों जिसमे 4,80,72,157/- रुपए में हुए निष्पादन में इस दौरान कुल छः करोड़ 63 लाख 32 हजार 09 सौ 88 रुपए की रिकवरी किया। मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, संदीप सिंह, विवेक राय, मनोज सिंह द्वितीय, बिजेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, अवर न्यायाधीश, संतोष कुमार प्रथम, शिप्रा चला अंजली, सीमा कुमारी, प्रधान मजिस्ट्रेट, राजेश कुमार सिंह, संजय कुमार सरोज, प्रीति आनंद, डिंपी कुमारी, प्रियंका कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, कमलेश सिंह देवु तथा पैनल अधिवक्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### बिजली मोटर पंप चोरी मामला में तीन लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धवछुआ गांव निवासी किसान राहुल रंजन सिंह ने बिजली मोटर पंप चोरी मामला में तीन लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। साथ ही उचित कार्रवाई कर मोटर बरामदगी करने की पुलिस से गुहार लगाया है। दर्ज एफआईआर में पीड़ित किसान ने बताया है कि वह लुनी कंपनी के 2 एचपी बिजली मोटर पंप अपने तालाब पर रख कृषि कार्य करता था। बीते गुरुवार की आधी रात को घर से तालाब के पास पहुंचा तो बिजली मोटर पंप गायब थी। पीड़ित किसान ने बताया कि आस पास जब मोटर पंप की खोजबीन की गई तो डीसीएम वाहन के टायर का निशान मिली। जिसे देखकर पीड़ित किसान ने मनहथा गांव के रितेश पाण्डेय, प्रभु पाण्डेय एवं धर्मेन्द्र यादव पर मोटर पंप चुराने का मामला थाना में दर्ज कराया है। पीड़ित किसान ने एफआईआर में बताया है कि डीसीएम वाहन का चालक प्रभु पाण्डेय एवं रितेश पाण्डेय है। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि दर्ज एफआईआर पर चोरी मामला की जांच की जा रही है। मोटर पंप चोरी कि सुराग मिलते ही नामजद लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### केसठ के लोग ध्यान दें... कचरा उठाव का पैसा नहीं देने वाले का होगा राशन कार्ड बंद

**केसठ।** प्रखण्ड कार्यालय में शनिवार को लोहिया स्वच्छता अभियान के फेज दो के तहत स्वच्छ व सुन्दर पंचायत बनाने को ले बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। बैठक में तीनों पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। बैठक में ये निर्णय लिया गया कि बिहार सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज दो के तहत चलने वाले पंचायत में डोर टू डोर कचरा उठाव को ले अब हर घर से प्रति माह 30 रुपए लोगो को देने होंगे। इस संबंध मे जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि ये पैसा वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के द्वारा वसूली जाएगी। जो ग्राम पंचायत के खाते में राशि रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर ग्राम पंचायत उस राशि से विकाश योजनाओं में लगाएगी और यदि स्वच्छता कर्मियों की ई रिक्शा या पैंडल रिक्शा या सामग्री खराब होती है तो उसकी मरमति में ये राशि लगाई जाएगी। वही बीडीओ ने सभी वार्ड क्रियान्वयन समिति को प्रत्येक घर से 30 रुपए ले समिति में जमा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि जिस घर से कचरा उठाव के लिए 30 रुपए नहीं मिलती है उस घर का कचरा कर उठाव नहीं किया जाएगा साथ उनका राशन कार्ड भी बंद कर दिया जाएगा।

# गाजीपुर में सरिता अग्रवाल व मुहम्मदाबाद में रईस अहमद बने चेयरमैन





**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- जमानिया से बीजेपी के जयप्रकाश गुप्ता बने चेयरमैन
- पालिकाओं व नगर पंचायतों के परिणाम घोषित होने के बाद डीएम ने दी विजेताओं को बधाई

गाजीपुर जनपद के तीन नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायतों की मतगणना शनिवार को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया गया। मतगणना में पूरी निष्पक्षता रहे इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिह लगातार मतगणना स्थलों पर भ्रमणशील रहे। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की शिकायत नहीं प्राप्त हुइ। पूरे जनपद में मतगणना शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

**नगर पालिका गाजीपुर :** नपा परिषद गाजीपुर में भाजपा प्रत्याशी सरिता अग्रवाल ने 19670 वोट पाकर अपने प्रतिद्वंन्दी सपा प्रत्याशी दिनेश यादव से 3335 मतो से विजयी हुयी दिनेश यादव को कुल 16317 मत मिले।

**नपा परिषद मुहम्मदाबाद :** मुहम्मदाबाद से सपा प्रत्याशी रईस ने 9825 वोट पाकर भाजपा प्रत्याशी संदीप गुप्ता से 2514 मतो से विजयी हुए। संदीप गुप्ता को कुल 7311 मत मिले।

**नपा परिषद जमानियां :** नगर पालिका परिषद जमानियां से भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश गुप्ता ने 6291 वोट पाकर निर्दल प्रत्याशी अनिल से 3522 मतो से विजयी हुए अनिल को कुल 2769 मत प्राप्त हुए।

**नगर पंचायत बहादुरगंज :** बहादुरगंज नपं से सपा प्रत्याशी रेयाज अहमद ने 4386 वोट पाकर भाजपा प्रत्याशी अरविन्द कुमार से 812 मतो से विजयी हुए। अरविन्द कुमार को कुल 3534 मत प्राप्त हुए।

**नगर पंचायत सैदपुर :** सैदपुर नपं से भाजपा प्रत्याशी सुशीला ने 5707 वोट पाकर सपा प्रत्याशी सरिता से 459 मतो से विजयी हुई। सरिता को कुल 5248 मत प्राप्त हुए।

**नगर पंचायत सादात :** नपं सादात से सपा प्रत्याशी सुमन यादव ने 2111 वोट पाकर निर्दल प्रत्याशी शिवानन्द से 454 मतो से विजयी हुए। शिवानन्द को कुल 1657 मत मिले।

**नगर पंचायत दिलदारनगर :** नपं दिलदारनगर से भाजपा प्रत्याशी अविनाश कुमार जायसवाल ने 1913 वोट पाकर निर्दल प्रत्याशी मु0 अलिशेर से 358 मतो से विजयी हुए मु0 अलिशेर को 1555 मत प्राप्त हुए।

**नगर पंचायत जंगीपुर :** जंगीपुर से निर्दल प्रत्याशी रूकसाना ने 2334 वोट पाकर निर्दल प्रत्याशी उषा से 117 मतों से विजयी हुई। उषा को 2217 मत मिले।

## 5वीं बार भाजपा के खाते में गई सैदपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष की कुर्सी

**गाजीपुर।** इस बार के निकाय चुनाव में सैदपुर के पूर्व चेयरमैन शशि सोनकर ने अपनी पत्नि व निवर्तमान चेयरमैन सरिता सोनकर को हाथी से उतार कर साइकिल पर बैठाने की जो युक्ति आजमाई थी। वह पूरी तरह फेल हो गई। भाजपा की सुशीला सोनकर से उन्हें 559 मतों से पराजय का मुंह देखना पड़ गया। जबकि इसके पूर्व शशि सोनकर भी कौमी एकता दल के बैनर तले वर्ष 2012 से 2017 तक नगर पंचायत अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके हैं। भाजपा की ओर से सुशीला सोनकर पांचवीं बार चेयरमैन के रूप में नगर पंचायत की बागडोर संभालने जा रही हैं। इसके पूर्व नवंबर 1988 में जब टाउन एरिया पुनः अस्तित्व में आई। तब से लगातार 20 वर्षों तक इस टाउन एरिया पर भाजपा का कब्जा रहा है। इस क्रम में 26 नवंबर 1988 से 25 नवंबर 1993 तक भाजपा के राजेंद्र प्रसाद यादव और फिर उनकी पत्नी सावित्री यादव ने 2 दिसंबर 1995 से 30 नवंबर 2000 तक चेयरमैन पद को सुशोभित किया।

**सैदपुर में सुशीला सोनकर ने भाजपा का परचम लहराया :** सैदपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर भाजपा की सुशीला सोनकर ने 5707 वोट पाकर विजय का परचम लहराया है। सपा से सरिता सोनकर 5248 मत पाकर दूसरे नंबर पर रहीं। जबकि तीसरे नंबर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से पुष्पा ने 1005 मत हासिल किए। बसपा ने 658, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने 53 और निर्दलीयों ने क्रमशः 84 और 20 मत प्राप्त किए।

## अंसारी ब्रदर्स के गढ़ में भाजपा को मिली हार, साइकिल दौड़ी

**गाजीपुर/मुहम्मदाबाद।** निकाय चुनाव में काफी जद्दोजहद के बाद पूर्व सांसद अफजाल अंसारी एवं मुख्तार अंसारी के गढ़ में बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ा। ुहम्मदाबाद के चुनाव में अध्यक्ष पद के सपा प्रत्याशी रईस अहमद अंसारी 2514 वोट से विजई हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के संदीप उर्फ दीपू गुप्ता को पराजित किया है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रईस अहमद को कुल 9825 मत मिले, वही संदीप गुप्ता भाजपा प्रत्याशी को 7311 मतों पर संतोष करना पड़ा। मुहम्मदाबाद नगर पालिका पर भाजपा और सपा के बीच कांटे की टक्कर चल रही थी। भाजपा के प्रचार के लिए स्टार प्रचारक के रूप में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सभा किया था। वहीं रईस अहमद समाजवादी पार्टी से दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त किए थे। अंसारी बंधुओं का गढ़ माने जाने वाले नगर पालिका परिषद



मुहम्मदाबाद में युसूफपुर के रहने वाले गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के जेल चले जाने के बाद मुकाबला और भी रोचक हो गया था। समाजवादी पार्टी के स्थानीय विधायक मनु अंसारी एवं पूर्व विधायक शिबगतुल्लाह अंसारी ने सपा प्रत्याशी रईस अहमद अंसारी के समर्थन में जोर शोर से प्रचार किया । इसके बाद भाजपा प्रत्याशी संदीप गुप्ता उर्फ दीपू के समर्थन में भाजपा नेता पीयूष राय भी जी जान से जुटे रहे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं नगर के वरिष्ठ नेता रहे तेजू यादव के निर्दल बागी होकर चुनाव लड़ने से भाजपा को पराजय का मुंह देखना पड़ा।

## एक नजर

### बसपा के प्रत्याशी अरशद जमाल ने भाजपा के अजय कुमार को 36542 मतों से हराया

**मऊ।** सामान्य नगर निकाय चुनाव की मतगणना भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच डीसीएसके महाविद्यालय की गई। जिसमें मऊ नगर पालिका से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अरशद जमाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार को 36542 मतों से हराकर बिजय हासिल किया। अरशद जमाल को 79397 और अजय कुमार को 42855 मत मिले थे। तीसरे नम्बर पर समाजवादी पार्टी के आबिद अख्तर रहे। जिन्हें 15134 मत मीले थे। इसके बाद मनौवर अली एआईएमआईएम को 939, विष्णु प्रकाश कुशवाहा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1339, सुशील कुमार चौधरी आम आदमी पार्टी को 411, राम सूरत राम सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को 3272, सुरेंद्र उर्फ स्वेता निर्दलीय को 2131 मत मिले थे। वहीं, मतगणाना के पांचवें राउंड में लगभग 27000 वोटों से पराजित हुए बीजेपी उम्मीदवार अजय कुमार ने पहले रिकाउंटिंग का एसपी और डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए रिकाउंटिंग की मांग की जिसको लेकर डीएम और एसपी मौके से उठकर चले गए अजय कुमार सहित नागराज बीजेपी के लोगों ने जमकर हंगामा किया और जमकर हर हर महादेव और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे जिसको लेकर एजेंट तथा सभी सहयोगियों को खादेडकर भगाया गया और उसके बाद काउंटिंग शुरू की गई।



### चिरैयाकोट में मां के बाद बेटे ने संभाली कुर्सी

**मऊ ।** चिरैयाकोट नगर पंचायत का यह दूसरा चुनाव रहा। जिसमें अध्यक्ष पद का चुनाव काफी रोचक रहा। इस बार के चुनाव का मुख्य मुद्दा विकास बनाम परिवर्तन रहा। क्योंकि नगर पंचायत का पहला चुनाव पिछली बार सामान्य वर्ग (महिला) होने के कारण रामप्रताप यादव की माता लीलावती देवी ने राष्ट्रीय जनता दल से लड़कर जीत हासिल किया था और पूरे पांच साल के कार्यकाल की देखरेख रामप्रताप यादव ने किया था। वहीं इस बार अनारक्षित सीट होने के कारण रामप्रताप यादव अपनी मां लीलावती देवी की जगह स्वयं मैदान में थे। इधर नगर के मतदाताओं ने परिवर्तन के नारा को नकारते हुए विकास के मुद्दे पर अपनी मुहर लगाकर रामप्रताप यादव को अपना अगला चेयरमैन चुन लिया। रामप्रताप यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बसपा प्रत्याशी परवेज अहमद को 51 मतों से पराजित किया। हालांकि नगर के सभी दिग्गजों समेत सत्तारूढ़ पार्टी के पदाधिकारियों ने भी दलीय सीमा तोड़कर परिवर्तन के नारा को हवा देने की भरपूर कोशिश किये। परंतु मतदाताओं ने सभी दिग्गजों के मंसूबों पानी फेर दिया।

### जमानिया नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जयप्रकाश गुप्ता ने रचा इतिहास

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद के सभासद व अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को तहसील परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना सम्पन्न हो गई। मतगणना के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था। नगर पालिका परिषद के चुनाव के इतिहास में पहली बार भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश गुप्ता ने पार्टी को अध्यक्ष पद पर धमाकेदार जीत दिलाई, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व चेयरमैन निर्दल प्रत्याशी अनिल गुप्ता को 3618 मतों से पराजित कर भगवा झंडा लहराया है। इस जीत से उत्साहित पार्टी कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित एवं पार्टी उम्मीदवार जयप्रकाश गुप्ता का गर्म जोशी के साथ फूल माला पहना खुशी का इजहार किया। एसडीएम सह रिटर्निंग अधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया। चेयरमैन पद के लिए हुए इस मतगणना में भाजपा के जयप्रकाश गुप्ता को कुल 6287 मत मिले। इसी तरह पूर्व चेयरमैन अनिल गुप्ता 2769 मत पाकर दूसरे,बसपा के रहमतुल्ला 2633 मत पाकर तीसरे,निर्दल प्रत्याशी एहसान जफर 2145 मत पाकर चौथे स्थान रहे। इसी तरह सपा से बीना यादव 1171 मत पाकर पांचवे एवं कांग्रेस की गायत्री देवी मात्र 100 मत पाकर छठवें स्थान पर रही।कुल 894 मत अवैध पाए गये। चेयरमैन पद के लिए ग्यारह प्रत्याशी मैदान में थे,जिनमे से नवनिर्वाचित चेयर जयप्रकाश गुप्ता को छोड कोई भी अपनी जमानत तक नहीं बचा सका। इसी तरह वार्ड सभासदो के हुए मतगणना में सबसे ज्यादा 19 निर्दल प्रत्याशियों ने जीत दर्ज किया,जबकि तीन वार्डो में भाजपा और तीन में सपा के वार्ड सभासदो ने जीत दर्ज किया। मालूम हो कि बीते चार मई को नगर पालिका परिषद के लिए हुए चुनाव में वार्ड सदस्यों के 120 व अध्यक्ष पद के 11 प्रत्याशी मैदान में ताल ठोंक रहे थे, जहां कुल 30 हजार 495 मतों में 56.26 फीसदी मतदाताओं यानि कुल 17 हजार 156 ने अपने मतों का प्रयोग किया। एसडीएम/ रिटर्निंग अधिकारी डाक्टर हर्षिता तिवारी ने बताया कि मतगणना सकुशल सम्पन्न हो गई है। इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किया गया था।



### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, आत्महत्या या हत्या की जांच में जुटी पुलिस

**बलिया।** खेजुरी थाना क्षेत्र के बहेलिया गांव में शनिवार की सुबह सिरफल के पेड़ पर करीब 7 से 8 फीट ऊंचाई पर प्रदीप कुमार यादव 17 पुत्र जंगबहादुर यादव का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता हुआ मिला। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस समेत पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गए। पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मामले में पुलिस ने करीब तीन- चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो युवक की हत्या कर साक्ष्य छुपाने पाने के उद्देश्य से पेड़ पर आत्महत्या का रूप दिया गया है। जबकि पुलिस आत्महत्या एवं हत्या दोनों पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। उधर मृतक के पिता जंग बहादुर यादव का कहना है कि युवक पड़ोसी के दरवाजे पर सोता था। जिसे मैं बोलकर शुक्रवार की रात दरवाजे पर सोने के लिए लाया। वह मेरे पास बगल में सोया हुआ था। बताया कि रात करीब 11-12 बजे तक मैं जगा हुआ था। इसके बाद कब नींद लग गई मुझे पता नहीं। सुबह उठा तो देखा कि सिरफल के पेड़ पर मेरे पुत्र का शव लटका हुआ है। जिसके बाद मैंने पुलिस को सूचना दी।

### पैसा नहीं देने पर किन्नरों ने यात्रियों को पीटा

**बलिया।** नई दिल्ली से जय नगर जाने वाली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन पर शनिवार को जनरल डब्बा में आधा दर्जन की संख्या में किन्नर बलिया स्टेशन से ताली बजाते हुए ट्रेन में चढ़े, और यात्रियों से पैसा मांगने लगे जो यात्री पैसा देने से आनाकानी करते थे, उनके सामने वह अश्लील प्रदर्शन कर रहे थे। कुछ यात्रियों ने इसका विरोध करना शुरू किया। जिस पर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते किन्नरों ने यात्रियों की पिटाई शुरू कर दी। किन्नरों से हुई मारपीट में दिल्ली से दरभंगा जाने वाले यात्री राजकुमार महतो 27 वर्ष, शिवप्रसाद 32 वर्ष, राजेंद्र 60 वर्ष, संजय 19 वर्ष, लक्ष्मण 62 वर्ष, व कार्तिक महत्व 18 वर्ष को मारपीट कर किन्नरों ने घायल कर दिया।

## पुलिस ने एजेंट को लिया हिरासत में



**केटी न्यूज/बलिया**

जिला मुख्यालय स्थित तीखमपुर स्थित मंडी में शनिवार को मतगणना शुरू होने के ठीक एक घंटे बाद पुलिस ने निर्दलीय प्रत्याशी संजय उपाध्याय के एजेंट जमाल आलम को हिरासत में लिया। जिसके बाद उनके समर्थकों ने पुलिसिया कार्रवाई का विरोध भी किया। लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक भी न चली। पुलिस की मानें तो मतगणना स्थल पर जमाल मतगणना में लगे कार्मिकों को परेशान कर रहा थ। वो बार-बार मतगणना में व्यवधान डाल रहा था। जिसकी सूचना वहां मौजूद पुलिस पदाधिकारी को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमाल को हिरासत में ले लिया।

वहीं दूसरी ओर, जमाल आलम का कहना है कि उसने सिर्फ वहां प्रतिनियुक्त आरओ से बैठने के लिए कुर्सी की मांग करते हुए कहा कि यदि कुर्सी नहीं है तो कम से कम वहां दरी ही बिछा दी जाए। इतने में प्रशासनिक पदाधिकारी उसके साथ बदतमीजी से पेश आने लगे। जमाल आलम को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली लेकर गए। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जनपद के सभी मतगणना स्थलों पर सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश। जिसके बाद सभी मतगणना स्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई।

## मतगणना संपन्न: दो पालिकाओं में से एक पर भाजपा व दूसरे पर बसपा का कब्जा

# 5 सीटों पर खिला भाजपा का कमल सपा को 3 पर ही करना पड़ा संतोष

- चुनावी दंगल में दो निर्दल प्रत्याशियों ने भी मार ली बाजी
- जीत के बाद चहूंओर खुशी का माहौल है, देररात तक हुई आतिशबाजी

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर निकाय चुनाव के क्रम में 10 नगर पंचायत व दो नगर पालिकाओं में भाजपा ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि साइकिल को तीन सीट पर ही संतोष होना पड़ा। बसपा व सुभासपा की झोली में एक-एक सीट आई। दो निदर्लीय प्रत्याशियों ने बाजी मार लिया। रोचक बात यह है कि जनपद के दो पालिकाओं में एक भाजपा तो दूसरा बसपा की झोली में चली गई। जीत के बाद पूरे जनपपद में चहूंओर खुशी का माहौल है। देररात तक आतिशबाजी होती रही है।

जिले के दो नगर पालिकाओं में बलिया में जहां पहली बार चुनाव लड़ रहे संत कुमार मिठाई लाल ने जीत दर्ज की। वहीं निर्दल प्रत्याशी संजय उपाध्याय व सपा प्रत्याशी लक्ष्मण गुप्त को हार का सामना करना पड़ा। जबकि रसड़ा में वशिष्ठ नारायण सोनी के तिलिस्म को तोड़ते हुए बसपा प्रत्याशी विनय शंकर जायसवाल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके अलावा दस नगर पंचायतों की बात करें तो सहतवार से निर्दल प्रत्याशी सरिता सिंह ने जीत दर्ज की। वहीं रेवती में भी निर्दल प्रत्याशी ने बाजी मारी। जबकि बैरिया से भाजपा प्रत्याशी शांति देवी, चितबड़ागांव से भाजपा प्रत्याशी अमरजीत, बेल्थरा से भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान चेयरमैन की पत्नी रेनू गुप्ता, सिकंदरपुर से संजय जायसवाल ने जीत दर्ज की। वहीं नगरा से सपा प्रत्याशी इंदू देवी, बांसडीह से सपा प्रत्याशी सुनील सिंह व मनियर से सपा प्रत्याशी रितु देवी ने साइकिल दौड़ाया। वहीं रतसर नगर पंचायत में सुभासपा से अजय कुमार राजभर ने जीत दर्ज की।





### चितबड़ागांव नपं में पहली बार खिला कमल अमरजीत सिंह 1161 वोटों से हुए विजयी

चितबड़ागांव नगर पंचायत चुनाव में अमरजीत सिंह 1161 वोटों से विजयी हुए। यहां मतदाताओं की संख्या कुल 18922 रही, जिसमें 12165 मत पड़े थे। भाजपा प्रत्याशी अमरजीत सिंह को कुल कुल 3520 मत प्राप्त हुए। अमरजीत सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दल प्रत्याशी बृज कुमार सिंह को 1161 मतों से पराजित किया। निर्दल प्रत्याशी बृज कुमार सिंह को कुल 2359 मत प्राप्त हुए। बसपा से नवनीत कुमार दीपू को 2230 मत पा कर तीसरे स्थान पर रहे। सुहेलदेव पार्टी से राजू सिंह डब्बू को 1691 मत प्राप्त हुआ।



**सपा प्रत्याशी रितु ने बुचिया को हराया :** आदर्श नगर पंचायत मनियर के अध्यक्ष पद पर सपा प्रत्याशी रितु देवी पत्नी नथुनी गोंड़ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी बुचिया देवी को1609 मतों से पराजित कर दिया। रितु देवी को कुल 4919 मत मिले वहीं भाजपा प्रत्याशी बुचिया देवी को 3310 मत मिले।

बताते चलें कि सपा प्रत्याशी रितु देवी का समर्थन मनियर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन ब्रह्म शक्ति कुमार सिंह उर्फ संजय सिंह एवं उनके सुपुत्र संकल्प सिंह किए थे वहीं भाजपा प्रत्याशी बुचिया देवी का समर्थन भूमि विकास बैंक बांसडीह के चेयरमैन कुंवर विजय सिंह पप्पू किए थे। वहीं सभासद पद पर वार्ड नंबर 1- रंजीता देवी, 2- जयमाला देवी, 3- शांति देवी, 4 -बृजेश वर्मा ,5-संजीत कुमार सिंह 6-शमशेर बहादुर सिंह, 7- अभय कुमार सिंह 8 -राकेश कुमार पटेल 9- मीरा देवी 10- बेचनी देवी 11 -लक्ष्मण पटेल 12- राजकुमार गुप्ता उर्फ गाटर, 13- अंजू देवी 14- छोटक राजभर विजई हुए।

# सपा समर्थकों ने मतपेटिका खाली होने का लगाया आरोप, किया हंगामा

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के तीखमपुर स्थित सब्जी मंडी में शनिवार मतगणना के समय मतपेटिका खाली होने का आरोप लगाते हुए प्रत्याशियों व समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी। चितबड़ागांव नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने जिला प्रशासन पर सत्ता पक्ष से मिले होने का आरोप लगाया। यह भी आरोप लगा कि बीते 11 मई को वोटिंग के दिन भी चितबड़ागांव से मतपेटिका स्ट्रांग रूम तक लाने में दो घंटे का समय लगा दिए। समर्थकों के अनुसार, इसको लेकर डीएम रविंद्र कुमार ने भी नाराजगी जताई थी।





गौरतलब हो कि शनिवार को नगर निकाय चुनाव की मतगणना तीखमपुर स्थित सब्जी मंडी में चल रहा था। दूसरा राउंड की रिपोर्ट आने के ठीक कुछ ही देर में चितबड़ागांव के काउंटिंग स्थल के अंदर हंगामा शुरू हो गया। पुलिस भी मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत लाठियां भांजनी शुरू कर दी। बाहर आने के बाद अलग-अलग दल तथा निर्दल अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि जिला मतपेटिका खाली मिलने पर हम लोगों ने जब विरोध किया तो पुलिस हम लोगों को मारे पीटे। इस दौरान कुछ देर के लिए मतगणना भी रोक दी गई। मंडी परिस में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। बाद में जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद तुरंत काउंटिंग शुरू हो गई।

**जिलाधिकारी बोले लोग हो गए थे कंफ्यूज :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के अनुसार कर्मचारियों द्वारा गलती से जिस मतपेटिका का इस्तमाल नहीं हुआ, वह उठाकर लाया गया था। जब अंदर खाली मिला तो लोगों को लगा कि मतपेटिका खाली है। जबकि वास्तविकता है कि सारी मतपेटिकाओं को एकसाथ सिलिंग किया जाता है, इसमें वह भी शामिल रहता है जो प्रयोग हुआ है, वह भी रहता है जो व्यवहार में लाया नहीं गया है। ऐसे में लोग थोड़ा कंफ्यूज हो गए। बाकी समझाने के बाद एजेंट तथा सारे लोग मान गए, इसके बाद तुरंत काउंटिंग शुरू हो गई।